दिनांक 19.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

लोक सुराज में मंत्री ने लगाई चौपाल बांटे ट्राईसायकल, सिलाई मशीन व राशन कार्ड

भिलाईनगर/ लोक सुराज अभियान के लक्ष्य समाधान शिविर के आज आठवें दिन नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जोन 02 शा.प्रा.शाला रामनगर मुक्तिधाम वार्ड 14 में वार्ड क्र. 14,18,19 एवं जोन 05 में सेक्टर–05 मार्केट के पास नया शेड वार्ड 54 में वार्ड 51,52,53,54,55,56 व 57 में शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व लोक सुराज अभियान में प्राप्त किये गये आवेदनों पर निगम भिलाई द्वारा जो कार्यवाही की गई है उसको पढ़कर हितग्राहियों को सुनाया गया। इसके अतिरिक्त जो लोग आवेदन देने से वंचित रह गये थे उनके आवेदनों को भी स्वीकार किया जा रहा है।

सेक्टर 5 लोक सुराज अभियान में मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, स्थानीय पार्षद पहुंचकर संबंधित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों से शासन के द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। पूर्व लोक सुराज अभियान में प्राप्त आवेदन का निराकरण करते हुए वार्ड 55 सेक्टर'06 निवासी कुंदन सराफ को ट्राईसायकल 08 हितग्राही को बीपीएल राशन कार्ड, एवं 01 हितग्राही को मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के तहत् लाभान्वित किया गया। लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए मंत्री जी ने वहीं चौपाल लगाकर क्षेत्र के विकास को और बेहतर करने के लिए चर्चा की। जोन आयुक्त बी0के0 वर्मा को शासन द्वारा स्वीकृत सभी कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पुरा करने को कहा ।

विधायक विद्यारतन भसीन, स्थानीय पार्षद रामनगर शिविर में पहुंचकर 14 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना का गैस कनेक्शन प्रदान कर, 05 हितग्राहियों को राशन कार्ड, प्रदान की। आयुक्त के0एल0 चौहान, अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, सत्येन्द्र सिंह, जोन 02 के जोन आयुक्त आर0के0 साहू, शिविर के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते रहे।

जनसम्पर्क विभाग